हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला तथा हिमाचल प्रदेश वन विभाग के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित

हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला द्वारा जोगिंदरनगर वन-मण्डल के अंतर्गत लौंगनी (धरमपुर बीट) में वन विज्ञान केंद्र स्थापित करने हेतु निरीक्षण हट तथा शिवदवाला में पौधशाला तथा प्रदर्शन भूखंड स्थापित करने के लिए वन भूमि के उपयोग हेतु दिनांक 4 मार्च 2021 को हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला के निदेशक, डॉ. एस.एस. सामंत तथा हिमाचल प्रदेश वन विभाग की ओर से अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल (अनुसंधान एवं प्रशिक्षण), श्री एच.वी. कथुरिया, भा.व.से. ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

विदित है कि *भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहारादून* ने वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा वानिकी के क्षेत्र में अनुसंधान द्वारा प्राप्त की गई नई-नई तकनीकों को व्यवस्थित तरीके से हितधारकों तक पहुँचाने तथा प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से कृषि विज्ञान केन्द्रों की तर्ज पर अपने क्षेत्रीय संस्थानों के माध्यम से वन विज्ञान केन्द्रों की स्थापना की है।

दोनों संस्थानों के अधिकारियों ने आशा व्यक्त की कि वानिकी गतिविधियों तथा वानिकी अनुसंधान से प्राप्त विभिन्न तकनीकों को प्रयोगशाला से हितधारकों तक पहुँचाने के उद्देश्य से दोनों संस्थान मिल-जुलकर कार्य करेंगे तथा इस वन विज्ञान केंद्र की स्थापना से प्रदेश के निचले क्षेत्रों में वानिकी विस्तार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा मंडी जिला के धरमपुर क्षेत्र में इस केंद्र के स्थापना से हितधारक अवश्य ही लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर निदेशक, हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला ने बताया कि वन विज्ञान केंद्र को इसी वित्तीय वर्ष में स्थापित कर क्रियाशील कर दिया जाएगा।

सरकार